# केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान

प्रो. सर सी.वी.रामन रोड़, पो. बा. सं. 8066,
सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूरु – 560 080
सिविल इंजीनियरी प्रभाग
वेबसाईट : https://cpri.res.in

**सीपीआरआई/सीईडी/कार्य/1557/2024-25** **24 मार्च 2025**

**निविदा आमंत्रित करती सूचना (एन आई क्यू)**

**कार्य का नाम** : 2024-25 के लिए सदाशिवनगर, बेंगलूरू में सीपीआरआई कार्यालय कैम्पस की वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण। उपशीर्ष: एमयूएडी एवं ईएमआई/ईएमसी प्रयोगशाला के लिए स्टेनलेस स्टील लेटर्स उपलब्ध कराना एवं स्थापित करना।

**कोटेशन की अनुमानित लागत : रु. 1,92,045/-**
**बयाना राशि जमा @ 2% - रु. 3,850/-**
**प्रतिभूति जमा - कार्य के स्वीकृत उद्धृत मूल्य के 5 % के दर पर**
**कार्य की अनुमत अवधि – 15 दिन**

महानिदेशक, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान की ओर से निम्नलिखित कार्य "एमयूएडी और ईएमआई/ईएमसी प्रयोगशाला के लिए स्टेनलेस स्टील लेटर्स प्रदान करना और लगाना" के लिए दस्तावेज़ में नीचे यथा निर्दिष्ट निम्न विशेष अभिकरणों से मुहरबंद मद-दर दरसूची (मद-दर नीचे अनुसूची ए में उद्धृत करें) आमंत्रित हैं। निर्धारित खाली कोटेशन फॉर्म को संयुक्त निदेशक, सिविल इंजीनियरी प्रभाग, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं, जिसमें 29 फरवरी 2025 को समाप्त गत सात वर्षों के दौरान रु. 1,53,636/- के परिमाण के कम से कम एक समतुल्य अर्थात् "स्टेनलेस स्टील लेटर्स प्रदान करने एवं लगाने" से संबंधित कार्य निष्पादन की आवश्यक दस्तावेजी सबूत की प्रस्तुति पर प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन देने पर **01.04.2025**, के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालयीन समय के दौरान सभी कार्य दिवसों पर अर्ह ठेकेदारों को खाली कोटेशन फार्म जारी किए जाएंगे। संगत दस्तावेज सहित पूर्ण रूप से भरे कोटेशन **08.04.2025** के 3.00 बजे अपराह्न तक अथवा उससे पहले अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंचे। कोटेशन देनेवालों की उपस्थिति में कोटेशन अनावरण समिति द्वारा उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न को कोटेशन खोले जाएँगे। बिना कोई कारण दिए सक्षम प्राधिकारी किसी भी अथवा सभी कोटेशनों को स्वीकारने अथवा अस्वीकारने का अधिकार रखते हैं। सभी कोटेशन जिनमें निर्धारित शर्तों में से कोई पूर्ण नहीं हों अथवा किसी तरह से अपूर्ण हों, अस्वीकृत हो सकते हैं।

**संयुक्त निदेशक**